कार्यालय वन मण्डलाधिकारी कटघोरा वनमण्डल कटघोरा, जिला - कोरबा (छ.ग.)

Phone/Fax No.: 07815-250157, mail : dfo-katghora.cg@gov.in

क्रमांक / तक.अधि. / 2016 / 689 कटघोरा, दिनांक 25-3-17

प्रति,

मुख्य वन संरक्षक
बिलासपुर वृत्त, सिंधी कॉलोनी जरहाभाठा,
बिलासपुर (छ.ग.)

विषय : कोरबा जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत केतमा से हाडमोर तक ऑप्टिकल फायबर केबल बिछाने हेतु 0.813 हे. वनभूमि का वन संरक्षण अधिनियम 1980 अंतर्गत महाप्रबंधक रिलायंस जियो इन्फोकॉम रायपुर छत्तीसगढ़ को उपयोग पर देने बाबत्। **पंजीयन क्र.FP/CG/Other/16576**

संदर्भ : अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) रापयुर का पत्र क्र. /भू–प्रबंध/विविध/एल. एम–115–635/2014 रायपुर दि. 26.08.16

—— ::000:: ——

विषयांतर्गत आवेदनकर्ता मेसर्स महाप्रबंधक (कॉर्पो. अफेयर्स) रिलांयस जिओ इंफोकॉम लिमिटेड रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा कटघोरा वनमंडल अंतर्गत केतमा से हाडमोर तक ऑप्टिकल फायबर केबल बिछाने हेतु 0. 813 हे. का प्रस्ताव वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत नवीन चेक लिस्ट के अनुसार तैयार कर भारत सरकार के साफ्टवेयर में ऑनलाईन ऑपलोडिंग पूर्ण कर परियोजना की हार्ड कॉपी पांच प्रतियों में तैयार आपकी ओर अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रस्तुत है।

परियोजना का संक्षेप निम्नानुसार है :–

1. आवेदनकर्ता मेसर्स महाप्रबंधक (कॉर्पो. अफेयर्स) रिलांयस जिओ इंफोकॉम लिमिटेड द्वारा कोरबा जिले के कटघोरा वनमण्डल में राजस्व वन क्षेत्र की कुल 0.813 हे. की मांग केतमा से हाडमोर तक ऑप्टिकल फायबर केबल बिछाने हेतु की गई है।
2. आवेदन कर्ता महाप्रबंधक (कॉर्पो. अफेयर्स) रिलांयस जिओ इंफोकॉम लिमिटेड द्वारा प्रस्ताव में शासन आदेशानुसार पंजीयन एवं प्रोसेसिंग शुल्क हेतु रू. 35,000/– (रू. पैंतीस हजार मात्र) द्वारा वनमण्डल कार्यालय कटघोरा में जमा किया गया है।
3. व्यपवर्तन (Diversion) हेतु प्रस्तावित वनक्षेत्र का घनत्व 0.2 से 0.5 है जिसमें कोई भी वृक्ष काटे नही जावेगें, क्योकि परियोजना OFC लाईन बिछाने हेतु है।
4. व्यपवर्तन (Diversion) हेतु प्रस्तावित वनभूमि का वन मण्डलाधिकारी का स्थल निरीक्षण प्रतिवेदनानुसार :–
   - i. प्रस्तावित क्षेत्र में गैर वानिकी कार्य (केतमा से हाडमोर तक ऑप्टिकल फायबर केबल बिछाने) हेतु मांग की जा रही वन भूमि के अतिरिक्त अन्य कोई भी गैर वनभूमि विकल्प के रूप में उपलब्ध नहीं है।
   - ii. व्यपवर्तन (Diversion) हेतु प्रस्तावित वनभूमि का मांग न्यूनतम है।
5. प्रस्तावित परियोजना के क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर कोरबा का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न है।

6. प्रस्तावित परियोजना के क्रियान्वयन हेतु जिला कलेक्टर कोरबा का प्रादर्श 'स' एवं ग्राम सभा का ठहराव प्रस्ताव (FRA) संलग्न है।
7. व्यपवर्तित हेतु प्रस्तावित राजस्व वनक्षेत्र के आस–पास कोई ऐतिहासिक महत्व का चिन्ह/मूर्ति न होने संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न है।
8. परियोजना में वृक्ष विदोहन प्रस्तावित नही है, अतः परियोजना का Cost benefit Analysis की आवश्यकता नही है।
9. प्रस्तावित गैर वानिकी परियोजना में आवेदन कर्ता द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के नियम 3बी का उल्लंघन नहीं किया गया है।
10. आवेदित क्षेत्र किसी राष्ट्रीय उद्यान एवं किसी वन्यप्राणी अभ्यारण्य या हाथी कॉरीडोर, प्राकृति झील/वाटरबॉडी, आदिवासी सेटलमेंट, धार्मिक स्थल की सीमा 10 कि.मी. की परिधि के अंतर्गत नहीं है। प्रमाण पत्र संलग्न है।
11. आवेदित वनभूमि किसी राष्ट्रीय उद्यान एवं किसी वन्यप्राणी अभ्यारण्य का भाग हाथी कॉरीडोर नहीं है। 10 कि.मी. की परिधि से संरक्षित वन क्षेत्र नही है। प्रमाण पत्र संलग्न है।
12. आवेदक द्वारा प्रत्याशा मूल्य जमा करने के संबंध में छूट संबंधी भारत सरकार का राजपत्र संलग्न है।
13. वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु छूट संबंधी भारत सरकार का राजपत्र संलग्न है।
14. वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत प्रस्ताव का Forest Clearance में Online उपरांत एक्नालेजमेंट स्लिप संलग्न है।
15. वन संरक्षण अधिनयम 1980 के अंतर्गत प्रस्ताव का फारेस्ट क्लीयरेंस में आनलाईन एन्ट्री करने पर फार्म नं–I एवं II को अपलोड कर प्रपोजल का दर्ज क्रमांक FP/CG/Other/16576 जनरेट होने के पश्चात एक्नालेजमेंट स्लिप संलग्न है।

अतः प्रस्ताव वन संरक्षण अधिनियम 1980 के मार्ग दर्शिका सिद्धांतों की अनुरूप सभी औपचारिकतायें पूर्ण कर व्यपवर्तन प्रस्ताव भारत सरकार से प्रथम चरण स्वीकृति प्राप्त करने हेतु संलग्न कर आपकी ओर संप्रेषित है।

संलग्न : (1) प्रस्ताव 5 प्रतियों में
(2) आनलाईन एक्नालेजमेंट स्लिप

वन मण्डलाधिकारी
कटघोरा वनमण्डल, कटघोरा

पृ.क्रमांक/तक.अधि./2016/ 690
कटघोरा, दिनांक 25-3-17
प्रतिलिपि :

(1) अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) अरण्य भवन मेडिकल कॉलेज रोड, रायपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
(2) महाप्रबंधक (कॉर्पो. अफेयर्स) रिलांयस जिओ इंफोकॉम लिमिटेड रायपुर छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

वन मण्डलाधिकारी
कटघोरा वनमण्डल, कटघोरा